e-mail

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

योऽनूचानः स नो महान्।
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

Central Sanskrit University

Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058

के.सं.वि./परीक्षा/आवेदन पत्र/2021/1435 दिनांक– 22.02.2021

प्रति,

निदेशकगण/प्राचार्यगण
समस्त परिसर/संबद्ध संस्थाएं
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

विषयः– सत्र 2020–21 में पंजीकृत छात्रों की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सत्रार्द्ध परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में।

महोदयगण,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त परिसरों/संबद्ध संस्थाओं के पंजीकृत शास्त्री एवं आचार्य एवं शिक्षाचार्य कक्षाओं के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सत्रार्द्ध परीक्षाओं के संबंध में निम्नानुसार निर्णय लिए गये हैं:–

1. शास्त्री, आचार्य एवं शिक्षाचार्य के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सत्रार्द्ध की परीक्षाएं **ओपन बुक एक्जामिनेशन** के माध्यम से ली जायेंगी।
2. मुख्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्र संबंधित परिसरों/संस्थाओं को परीक्षा से आधे घंटे पूर्व ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।
3. समस्त परीक्षा केन्द्रों के निदेशकगण/प्राचार्यगण को परीक्षा संबंधी समस्त क्रियाकलापों को सम्पन्न कराने हेतु पूर्णरूप से अधिकृत किया जाता है। उनकी अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर गठित परीक्षा समिति परीक्षा संबंधी कार्य पूर्ण करेगी।
4. समस्त परीक्षा केन्द्र प्रश्नपत्र ईमेल अथवा व्हाट्सअप के माध्यम से छात्रों तक पहुंचाएंगे एवं परीक्षा समाप्ति के एक घंटे पश्चात् तक छात्रों द्वारा हस्तलिखित उत्तरपुस्तिकाएं इन्हीं माध्यमों से अथवा हस्तगत प्राप्त करेंगे।
5. परीक्षा केन्द्रों द्वारा छात्रों को स्पष्ट निर्देश दिये जायें कि जिस परिसर में वह पंजीकृत है, उत्तरपुस्तिका उसी परिसर में ईमेल/व्हाट्सअप/हस्तगत रूप से जमा करनी है।
6. उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन के पश्चात् संस्था में कार्यरत तत्तद् विषयों के अध्यापकों/प्राध्यापकों से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करवाकर मुख्यालय द्वारा प्रेषित प्रोफार्मा में अंक भरकर विधिवत् हस्ताक्षरोपरांत प्रोफार्मा मुख्यालय में प्रेषित करेंगे।
7. उत्तरपुस्तिकाओं/संबंधित रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का सुरक्षित संकलन अनिवार्य है।

8. समस्त परीक्षा केन्द्रों को छात्र संख्या के आधार पर परीक्षा केन्द्र व्यय सूची के अनुसार भुगतान किया जायेगा। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु नियमानुसार मानदेय विश्वविद्यालय द्वारा देय होगा।

9. परीक्षा केन्द्रों द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को परीक्षा में आवश्यक रूप से सम्मिलित होने संबंधी निर्देश प्रसारित किये जायें।

10. उत्तरपुस्तिका छात्र द्वारा स्वयंलिखित एवं पृष्ठक्रमांक युक्त होनी चाहिए। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका ना होने पर उक्त छात्र की परीक्षा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

11. परीक्षा में नीले रंग के बालपेन का ही प्रयोग करना आवश्यक है।

12. परीक्षाएं दिनांक 15.03.2021 से 05.04.2021 तक आयोजित की जायेंगी। तदुपरांत दिनांक 16.04.2021 तक अनिवार्य रूप से अवार्ड लिस्ट ईमेल के माध्यम से मुख्यालय में प्रेषित करेंगे।

13. समस्त निदेशकगण/प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा संबंधी निर्धारित मापदण्डों का पूर्णरूपेण पालन एवं उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पूर्ण पारदर्शिता, उच्च गुणवत्ता एवं परीक्षा संबंधी मर्यादाओं का अनिवार्य रूप से पालन हो।

14. उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकनकर्ता निष्पक्षता एवं यथार्थता का पालन अवश्य करें। मूल्यांकन सम्बन्धी समस्याओं के निवारण हेतु मुख्यालय द्वारा मांगे जाने पर उत्तरपुस्तिकाएं या अन्य दस्तावेज प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

सहयोग की अपेक्षा के साथ ....

भवदीय

Pawan Kumar

(प्रो. पवन कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

संलग्न– 1. परीक्षा समय सारिणी
2. परीक्षा केन्द्र व्यय सूची

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, के.सं.वि. नई दिल्ली
2. माननीय कुलसचिव महोदय, के.सं.वि., नई दिल्ली
3. उपनिदेशक (शैक्षणिक), के.सं.वि., नई दिल्ली
4. उपनिदेशक (वित्त), के.सं.वि., नई दिल्ली
5. संबद्ध संचिका